राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 50/- संख्या 2490
कालकराल
नागराज

कमाल है। उल्काएं तो गिरती ही रहती हैं। पर इस बार महानगर के जंगलों में गिरी उल्का ने साइंस को ही पलट कर रख दिया।
बात आश्चर्यजनक तो है। और मैं समझता हूं कि ये अब तक की सबसे बड़ी वैज्ञानिक खोज साबित होने वाली है।
इस उल्का ने पृथ्वी के गर्भ में घुसकर कुछ ऐसा रिएक्शन किया है...
कि उससे सुपर हाई टेंपरेचर और प्रेशर पर उन तत्वों के बीच में प्रतिक्रिया शुरू हो गई जो हमारे अनुसार संभव ही नहीं थी।
और उससे पैदा हुए हैं ये गुलाबी हीरे। हमारे अनुसार यह प्योर ठोस ऊर्जा है। एक-एक हीरे में पूरी पृथ्वी को 100 वर्षों तक ऊर्जा देने की क्षमता है।
उल्का तो यहीं पर गिरी थी। उसी के द्वारा बने गड्ढे पर आपके अनुरोध पर हमारी सरकार ने यह वॉल्ट बनाया है। बस एक बात और बता दें। क्या ये भी...

उल्का के साथ ही गिरा था।
ये... ये कहां से आ गया? उल्का के साथ तो नहीं आ सकता! क्योंकि उल्का गिरे हुए 30 दिन हो चुके हैं और तब से हम चौबीसों घंटे यहां पर बने हुए हैं। इसको तो कभी नहीं देखा।
पर...ये हमारी Z+ कैटेगरी की सुरक्षा को भेदकर और वॉल्ट के एक फुट मोटे स्टील के दरवाजे को तोड़ कर तो अंदर घुस नहीं सकता!
कौन हो तुम? कहां से आए हो और अंदर कैसे आ गए?
वैसे तो मैं तुम्हारा बाप हूं। पर सच्चाई ये है कि तुम लोग मेरे बाप हो।
और मैं कहीं बाहर से नहीं आया हूं, सीधा यहीं पर आया हूं। और मेरे यहां पर आने का कारण है...
ये गुलाबी हीरे! जो मेरे हैं...
कुछ गड़बड़ है। पकड़ो इसे!
पकड़ना क्या, सर? इसको सीधा उड़ा देते हैं।
उड़ तो ये पहले से रहा है। और गोली मत चलाना क्योंकि इन मशीनों में जो कूलिंग गैस है...
ज़िंग ज़िंग
बड़ा भड़ऽऽम!
...वे ज्वलनशील हैं। ओ...भागऽऽऽ

संजय गुप्ता पेश करते हैं!

कालकराल

राज कॉमिक्स है मेरा जनून!

कथाः जोली सिन्हा चित्रः अनुपम सिन्हा इफैक्ट्सः शादाब सिद्दीकी सम्पादकः मनीष गुप्ता

यानी अब पहले मुझे इससे निपटना पड़ेगा!
ऐसी अनोखी ऊर्जा का अनुभव तो मुझे पहले कभी नहीं हुआ! और न ही ऐसे असर का!
आऽऽऽऽऽह ये कैसी ऊर्जा है, जिसने मेरे पूरे शरीर को जैसे सुन्न कर दिया है!
लेकिन फिर भी विज्ञान की आज तक की सबसे बड़ी खोज को मैं किसी लुटेरे के हाथों में कैसे पड़ने दे सकता हूं!
अरे! ये...ये कैसे संभव है!! इस पर तो मैंने 'ग्रेटाबीम' का वार किया था! इसको तो जड़ हो जाना चाहिए था!
पर....इसने तो 'ग्रेटा बीम' को अपने शरीर से ही दूर झटक दिया!

अब इसको समझाना ही पड़ेगा कि ये मेरे सामने मच्छर से ज्यादा कुछ नहीं है!
अब शायद तुम्हारी अक्ल ठिकाने पर आ गई होगी। अब बताओ, तुम कौन हो और 'मीटियॉर सेंटर' पर तुमने हमला क्यों किया?
मैं बताऊंगा तो भी तुम समझ नहीं पाओगे। वैसे तो मुझे तुम्हारे यहां से किसी ऐसे प्रतिरोध की उम्मीद नहीं थी।
इसीलिए मैं किसी तैयारी के साथ नहीं आया था! पर तूने मुझे मजबूर कर दिया है...
...कि मैं तुझे अपने रास्ते से और इस दुनिया से दूर हटा दूं! एक तो मेरे पास समय बिल्कुल नहीं है। और दूसरे मुझे इन पिंक डायमंड्स की टेस्टिंग भी करनी है।
...कि ये असली हैं भी या नहीं।
असली हैं। सिर्फ 'पिंक डायमंड्स' में ही इतनी ऊर्जा हो सकती है!...

...कि वह उस शख्स को भी धुंआ बना दे जिसमें ग्रेटा बीम को भी सहने की ताकत हो!
ये...ये क्या है! पिंक एनर्जी का साइड इफेक्ट?
आऽऽऽह!
समझ में नहीं आया! ये धुंआ बन कर भी जिंदा कैसे है?
इसकी शक्तियों को पहले समझना होगा! मैं घायल होने का खतरा मोल नहीं ले सकता!
मुझे हीरे लेने वापस आना होगा।
क्योंकि अगर मैं घायल हो गया, तो 'उसका' मुकाबला कभी नहीं कर पाऊंगा।

"और मुझे पूरा यकीन है कि वह मेरे पीछे आएगा जरूर!"
इस जार जैसा मैटीरियल मैंने तो आज तक नहीं देखा।
SCIENCE CENTER
हमने इन 'पिंक डायमंड्स' को सुरक्षित रखने के लिए जिन यंत्रों का निर्माण...
एक बड़े हॉल में किया था, यह जार वह काम इस छोटी सी जगह में कर देता है। कमाल है!!
यानी वह शख्स जो भी है, तकनीक में हमसे बहुत आगे है...
और मुझे पूरी आशंका है वह इन हीरों को लेने के लिए वापस आएगा!
आपको इन हीरों के लिए कड़ा सुरक्षा प्रबंध करना होगा।
मुझे लगता है कि ये इंतजाम नाकाफी होगा!
अब क्या यहां न्यूक्लियर मिसाईलों की तैनाती के लिए एप्लीकेशन देनी होगी?
उससे हमें ज्यादा नुक्सान होगा!
मेरी सलाह मानें तो आप आर्मी के साथ-साथ, यहां पर 'स्नेक आई' गॉर्ड्स की भी तैनाती करा दें!
ऐसे प्राणियों से निपटना उनकी खासियत है।
सुना तो मैंने भी है! मैं उनसे बात करूंगा!
फॉरेस्ट लैब के वैज्ञानिक तो भाग्य-शाली थे कि वहां पर हुए हादसे में किसी की मौत नहीं हुई! और मैं चाहूंगा कि यहां पर भी कोई अनहोनी न हो!

कमाल है! असंभव! मैं नही मानता कि ऐसा हो भी सकता है!!
तुझे तो... खैर छोड़ हर बार तुझे समझा कर मेरा सिर तो खाली हो जाता है, पर तेरा भरता नहीं है!
देख! ये यंत्र मैंने नागराज का संकेत पाने के लिए बनाया था।
क्या हुआ? भतीजा हमारी तरफ आ रहा है क्या?
अगर नागराज हमारे पास आ रहा होता तो ये संकेतक अपनी सामान्य स्थिति 10 से 11 पर सरक जाता। पर अभी ये 9 पर है।
आपने तो डरा ही दिया था! यानी आपको किसी ऐसे के संकेत मिल रहे है जिसकी पॉवर नागराज से भी कम है। तो डरना क्या? आने दो निपट लेंगे।
ये पीछे नही खिसका है, मूर्ख! बल्कि पूरा चक्कर घूमकर यहां आया है। यानी ये जिस शक्ति-स्रोत को पकड़ रहा है, वह नागराज से हजारों लाखों गुना अधिक शक्तिशाली है।
हजारों लाखों नागराज!! आप मुझे फिर से डरा रहे हैं गुरुदेव!
नागराज को दिमाग से निकाल, और सोच कि अगर वह शक्ति का स्रोत हमारे पास आ गया तो उस ऊर्जा को हम कितना विनाशकारी बना सकते हैं।
पूरे ग्रह को एक वार से फाड़ सकते हैं। फिर नागराज क्या चीज है!!
क्या समझाया है, गुरुदेव। मेरा तो सारा डर ही छूमंतर हो गया!! अब तो चाहे जान चली जाए, मैं उस शक्ति-स्रोत को आपके पास लाकर ही रहूंगा!
यही तो दिक्कत है। तेरी जान तो जा ही नहीं सकती, अमर नागपाशा।

सुरक्षा की चिंता छोड़ दो, नागराज। तुम बस हमको उस फ्यूचरिस्टिक लुटेरे का हुलिया बता दो।
हुलिया तो मैं बता दूंगा।
पर मुझे लगता है कि इस बार वह पहले किसी और को भेजेगा...
... क्योंकि वह मुझसे डर कर नहीं भागा था।
"वह योजना के अनुसार पीछे हटा था! अब वह हमारी शक्तियों को पहले तोलेगा"-
"किसी और को हमसे भिड़ा कर।"
"और फिर निर्णायक हमला करेगा।"
सुना है, यहां पर मेरे लिए एक गिफ्ट रखा है! तो... दे दो!
अच्छा! देते हैं! पर सिर्फ एक बात बता दो!
"गिफ्ट उठाने के लिए तुमको कम से कम एक हाथ तो चाहिए"...

"पर अगर हाथ ही न रहा तो क्या करोगे!"
"या अगर तुमको ही भगवान ने उठा लिया तो गिफ्ट कैसे उठाओगे तुम?"
आउच्च!!
ये तो वापस जुड़ रहा है, सर!
इस पर गोले बरसाओ! हमें इसे किसी भी कीमत पर बिल्डिंग के अंदर दाखिल नहीं होने देना है।
मैं तो खुद बिना बुलाए किसी के घर नहीं जाता! इसीलिए जो मुझे नहीं बुलाते हैं...

उनके घरों को मैं अपने पास बुला लेता हूं।
इस अजूबे को हम काट नहीं सकते! पर कैद तो कर ही सकते हैं!
हिट हिम विद गम-बम! जो हमने ऐसे टैंकों को खत्म करने के लिए ईजाद की है जिनको तोड़ना मुश्किल है।
ओफ्! ये तो मुझे ही गम बनाने की फिराक में हैं!
इस गम बनाने की फैक्ट्री को ही खत्म करना होगा! और जब फैक्ट्री ही खत्म हो जाएगी।
तो फिर कामगारों का भला क्या काम?

नागपाशा अपने आप आया है या उसी शख्स ने नागपाशा को भेजा है। ऐसा लगता तो नहीं है।

क्योंकि एक तो नागपाशा किसी की आधीनता स्वीकार नहीं करेगा! और वैसे भी वह तो मेरी शक्तियों के बारे में उसको ऐसे ही बता सकता है।

हैं! ये कैसी 'रे' है? इसने तो आरी को रोक दिया!! किसने दागी है ये चमत्कारी रे?

मैंने! ये 'स्पेशल' रेज...अ...रेजगारी गन हमने ऐसे ही मौकों के लिए ईजाद की है।

'रेजगारी' गन! ये क्या नाम हुआ?

अब इन्हें क्या बताऊं कि वार तो मैंने तांत्रिक किरणों का किया है। ये गन तो सिर्फ दिखावे के लिए है!

"ये तंत्र नागपाशा का यांत्रिक प्रभाव नष्ट कर देगा!"

ओफ्! एक वार तो मेरे लिए मच्छर के डंक जितना भी नहीं है। पर इतने सारे वार एक साथ मुझे परेशान कर रहे हैं!... ये वार कर कौन रहा है?

ये मेरा एक छोटा सा आविष्कार है। चारों तरफ से कवर करके एक साथ वार करता है। मरने में ज्यादा तकलीफ नहीं होती।
बस! बहुत हो गया। तुम लोग मुझे जानते नहीं हो। वर्ना उस शख्स को मारने में समय बर्बाद न करते जो मर ही नहीं सकता!
सच है। ऐसे लोग तो बद्दुआ देने से भी नहीं मरते।
अब पहले मैं तुम सबकी उम्र पूरी करूंगा, और उसके बाद अपना काम!
ये तो भड़क गया! अब क्या करें? बर्फ मिला पानी दें या फिर पानी मिली बर्फ!
ठीक है! पहले 'जग' का इंतजाम करो। मैं बर्फ मंगवाती हूं।
ओहो! आप तो सीवर में गिर गए!!
सॉरी, सर! लेकिन सीवर के ऊपर आप खुद ही खड़े थे। चलिए, ठंडे हो जाइए।

"वैसे अगर पानी ठंडा न हुआ-"
तो मैं बर्फ वाले को भी साथ में ले आया हूं।
ये-ये तुम लोगों ने क्या किया था?
कुछ नहीं। ये तो हमारी किस्मत अच्छी है कि हमारा PWD विभाग सही काम नहीं करता।
वर्ना न तो हमारी किस्मत से सड़क धंसती और न ही हम बचते।
वो तो समझ में आता है।
पर ये समझ में नहीं आता कि सीवर का पानी भला जम कैसे सकता है।
कैमिकल पॉल्यूशन! न जाने ये फैक्ट्री वाले सीवर में क्या-क्या बहाते हैं।
गुड टीम वर्क! लेकिन समस्या तो अभी भी वहीं की वहीं है।
न तो वह रहस्यमय लुटेरा अभी तक नजर आया है...
...और न ही उसका...

"कोई साथी!"
कराल आ गया है, धुरा! कहां है तू?

पहले मैं पिंक डायमंड्स ही ले लेता हूं। फिर तो धुरा मेरे को खुद ही ढूंढ लेगा।

वहीं रुक जाओ, और अपनी जान बचा लो!

यही बात मैं तुम सबसे कहूंगा! काल कराल के सामने भाग्य उसी को लाता है जिसकी मृत्यु आ गई हो!

तुम लोग चाहो तो अभी भी अपना भाग्य बदल सकते हो!

ये तो एक इच्छाधारी नाग है! और इसके जैसा नाग मैंने आज तक नहीं देखा!

इसके पैरों को निशाना बनाओ।

च्‌च्‌! इतनी दयनीय गति के वार!
वार की गति ये होती है! उल्का जैसी!
इशारा समझ गए हो तो वहीं लौट जाओ जहां से आए हो!
ये बताने के लिए धन्यवाद!
क्या बताने के लिए धन्यवाद?
कि आपको उल्का के करारे वार पसंद हैं।
तुम सब नाग हो! मेरे स्वजन हो!...परंतु मृत्यु का कोई सगा नहीं होता!
रास्ता छोड़ो और हट जाओ!

आश्चर्य! तुमने हमें पहचान कैसे लिया।
हमारे नागरूप तो मंत्रित धातु के नेम बैज के कवच से रक्षित हैं।
इस सर्प में कुछ अद्भुत है! पता करना पड़ेगा।
सौडांगी को काल को भी वश में करने के तरीके आते हैं।
अरे कहां गया? क्या इसमें अदृश्य होने की भी शक्ति है?
ये... आवाज कैसी है?
देखो गड्ढा भी गायब हो गया!
अरे! ये तो वही उल्का है जो मैंने मणि शक्ति से पैदा की थी। पर ये तो पहले ही गिर चुकी थी...
आSSSह!
आSSSह! ये...कैसे संभव है?
जरूर...तूने कोई गड़बड़ की है....आSSS ह।
ये क्या? मुझे एक पल के लिए ऐसा क्यों लगा।...

"जैसे कि इसने समय की धारा बदल दी हो।"
बहुत भाग्यशाली हो तुम सब! मृत्यु तुमको छूकर निकल गई! परंतु इसको संकेत समझना।
...कि मृत्यु तुम्हारे...
आस पास ही मंडरा रही है।...
कौन है तू? मौत की आंखों में आंखें डालने से नहीं हिचक रहा है।
अगर तुम मौत हो तो मैं मौत को कंधो पर ढोने वाला यमदूत हूं।... कौन हो तुम सब?
गुलाबी हीरों के आते ही अचानक कहां से प्रगट होने लगे हो?
तुम मेरे कहने से पहले ही समझ गए।
सच बोलोगे तो मदद पाओगे! छल करोगे तो नागराज के हाथों यमलोक जाओगे।

यमलोक! हाहाहाहा! काल कराल की हथेली पर...
यमलोक का नक्शा हमेशा खुदा रहता है। क्योंकि यमलोक को लगातार पार्सल भेजते रहना पड़ता है काल कराल को!
ओह! काल दरांत के वार को सह भी लिया और घाव भर लिया तूने! तू साधारण इंसान नहीं है। मुझे तुझ में...

सर्प के भी गुण नजर आ रहे हैं... आऽऽऽ ह! विष बवंडर!
सही समझे? मुझे नहीं पता कि तुम कहां से आए हो। और तुम्हारे गैंग वाले क्या चाहते हैं,...
पर मैं इतना जरूर अंदाजा लगा सकता हूं कि तुम किसी अंजान स्थान से आए हो।
इसीलिए मैं तुमको वापस जाने का एक मौका देता हूं!
अरे! ये कहां गया?
अरे! ये घाव का निशान फिर से कैसे उभर रहा है।
फिर से नहीं, नागराज!

ये वही घाव है... अब न तो ये भरेगा और न ही ये नए घाव! क्योंकि अब घाव के छेदों को भरने की जगह ही नहीं दूंगा मैं।
ये...ये तुमने कैसे किया?
और ये नागपाशा भी न जाने कहां जाकर...
...मर गया! मर गया? असंभव!!
इतना ही समझ ले कि सिर्फ काल ही समय से परे होता है।
"और वहीं से वापस लौट जाऊंगा!"
ये सब हो क्या रहा है। ये नागराज तो न खुद खाता है और न खाने देता है।
मरा नही है। विचलित है। उस सीवर में भरी गंधों के मिश्रण को सूंघकर मैं भी विचलित हो गयाथा। इस युग में वाकई प्रदूषण चरम पर है!
अब मैं पिंक डायमंड्स लेने जा रहा हूं!...
पहले नागपाशा को अपने नागों से पिटवा कर अलग कर दिया और अब खुद पिट गया!

पर...तुम कौन हो? और नागपाशा को लेकर यहां क्यों आए हो? इसको तुम्हारी मदद की...
...जरूरत नहीं थी। क्योंकि इसको कोई मार नहीं सकता! ये सब ये मुझे बता चुका है।
फिर... क्या मकसद है तुम्हारा?
...पर मैं क्यों आया हूं। इसका अंदाजा तुम लगा सकते हो!
मैं कौन हूं और कहां से आया हूं ये बेमानी बातें हैं।
उन गुलाबी हीरों के लिए?
बिंगो! पर वे हीरे नहीं हैं। वे कंप्रेस्ड एनर्जी के पैकेट्स हैं। और इनमें अंतहीन ऊर्जा है! न्यूक्लियर ऊर्जा या सौर ऊर्जा से करोड़ों गुना ज्यादा! ये न तो पहले कभी था और न आगे कभी होगा!
इंसान तरक्की कर रहा है! आने वाले पचास-सौ सालों में वह इनको भी लैब में ही बना लेगा।
लैब में! तुम पचास सौ सालों की बात कर रहे हो...
अगले पांच हजार सालों तक की गारंटी मैं लेता हूं कि ऐसा नहीं होगा।
कमाल है! क्या तुम... ज्योतिषी हो?
बेकार की बातें छोड़ो। समय कम है...वह हरी खाल वाला कौन है।
नागराज! हमारी जिंदगी का सबसे बड़ा कांटा!
अब वह मेरी जिंदगी का भी कांटा बन चुका है! उसको हटाना है। तुम मेरी मदद करो, मैं तुम्हारी मदद करूंगा!
गुलाबी हीरे पाने के लिए?

वे पैकेट तुम्हारे काम के नहीं है। उनकी ऊर्जा को संभालना तुम लोगों के बस के बाहर की बात है।
उनमें से एक भी पैकेट अगर असंतुलित हुआ तो पूरी पृथ्वी को धूल बनाकर उड़ा देगा और ऐसा मैं होने नहीं दे सकता।
तुमको पता ही होगा कि सिर्फ मैं ही उन हीरों का कद्रदान नहीं हूं।
पर मैं तुमको ऐसी शक्ति देकर जाऊंगा।
जिसके बल पर तुम इन सात सौ करोड़ मानवों पर राज कर सको।
और हीरे तुम ले जाओगे।
हां!
हमसे क्या चाहते हो तुम?
हां, पता है! कोई तुम्हारा भाई बंद भी उसके पीछे है। काल कराल!
गुड! उससे मैं निपट लूंगा। तुम बस नागराज को मुझसे दूर रखो।
अगर दूर रख सकते तो अब तक हमने उसको इस दुनिया से ही दूर न कर दिया होता?
उसको इस दुनिया से तड़ी पार करने की शक्ति तुमको मैं दूंगा!
"ताकि मैं काल कराल से निपट सकूं!"
"बिना किसी व्यवधान के!"
अब मैं समझ गया कि मुझे जल्दी से जल्दी पिंक कोर को हासिल कैसे करना है।
उस नागराज से मिलते ही मुझे पता चल गया था कि वह ही पिंक कोर को यहां लाया है।
"बस, अब कुछ ऐसा करना है कि वह जार धुरा से पहले मेरे पास पंहुच जाए।"

ये लीजिए! अब इसको संभालना आपका काम है!
लाओ!
नहीं। तुम... तुम..वह नहीं हो जो नजर आ रहे...
तुम...तुम काल कराल हो!
असंभव! ये...ये तुम कैसे जान गए?
पता नहीं। ऐसा लगा जैसे मैं तुमको पहले देख चुका हूं! भविष्य में होने वाली घटना में।
ये...ये अंसभव है!

ओफ्! मैं...
मैं इन छाया सर्पों का कुछ नहीं कर पा रहा हूं...
ओफ्! ये छाया सर्प...
नागराज! होश में आओ। संभालो अपने आप को!
बगैर तुम्हारी मदद के काल कराल को 'पिंक डायमंड्स' हासिल करने से रोकना असंभव है!
मैं...मैं उसे रोक रहा हूं...व्यवधान मत डालो।
रोक रहे हो? पर कैसे?
पता नहीं। बस मैं कर रहा हूं। शांत रहो!
मुझे ध्यान केंद्रित करने दो।
आऽऽऽह!
ये...ये तो... मेरी ही ऊर्जा है!!

तू...मेरी ही ऊर्जा का वार मुझ पर कैसे कर पा रहा है? तुझको आम नाग या इंसान समझना मेरी भूल होगी।
ओफ्! ये वायु सर्प तो मेरी हड्डियों को चूर चूर कर देगा और मुझमें इतनी शारीरिक शक्ति नहीं है कि मैं इनकी कुंडली खोल सकूं!
ओफ्! ये...ये... जार को खींच कर ही छोड़ेगा!... और मैं इसको ऐसा करने से...
रोक नहीं पा रहा!
ये...ये क्या हो रहा है? ये पिंक-डायमंड्स तो और बड़े हो रहे हैं!...
और-और मेरे शरीर में समा रहे हैं!...

ये...ये सच नहीं हो सकता! किसी इंसान में ऐसी शक्ति नहीं हो सकती।
ओफ्! मुझे अपने शरीर में भीषण शक्ति का आभास हो रहा है जैसे मैं सूर्य को पी सकता हूं।
ग्रहों को तोड़ सकता हूं। मैं दूसरा नया ब्रह्मांड बना सकता हूं।
ये-ये क्या हो गया? ये तो बाजी ही पलट गई! मुझे समय धारा में वापस जाना होगा।
ये..तुमने किया नागराज या ये अपने आप हो रहा है?
पता नहीं, सौडांगी। पर अब मैं...
काल कराल से मुकाबला करने के लिए तैयार हूं।
तुम्हारी आंखें नागराज? इनको क्या हुआ है?
इनको मौत का रास्ता नजर आ रहा है!
और उस रास्ते पर काल कराल खड़ा है।

अब तुमको मौत तक भेजना या मौत को तुम तक आने से रोकना काल कराल के हाथ में है।
ये क्या हो रहा है। काल कराल तो खाली जार लेकर आया है। और नागराज भी आजाद हो गया!!
उसकी आंखें तो खुद हीरों जैसी चमक रही हैं।
पता नहीं क्या हुआ है। लेकिन कुछ तो गड़बड़ जरूर है। सिर्फ इतना स्पष्ट हो पा रहा है कि पिंक एनर्जी नागराज में समा गई है!
और ये असंभव है! किसी इंसान के एक शरीर में इतनी क्षमता नहीं हो सकती!
नागराज सिर्फ दिखने में एक इंसान है!
वैसे नागराज के अंदर असंख्य सर्प रहते हैं। वास्तव में उस एक शरीर के अंदर अनगिनत शरीर समाए हुए हैं।
इसको अकेला समझने की भूल मत करना। तुम अगर सर्प होते तो तुम्हारे जैसे एक-डेढ लाख तो आसानी से इसके बदन में समा जाते।
तब तो मुझे लगता है कि काल कराल विफल रहेगा! अगली चाल हमको ही चलनी होगी!

"बस इतनी उम्मीद करो कि अब नागराज काल कराल को हमारे रास्ते से हटा दे।"

ये ठीक है। यहां पर हमारे युद्ध के लिए काफी जगह है।

और नतीजा निकलने तक कोई व्यवधान डालने वाला भी नहीं है।

सही कहा! अब यहां से पृथ्वी पर हम दोनों में से कोई एक ही जाएगा। और वह तुम नहीं... अरे! ये-ये क्या? ये असंभव है!

पृथ्वी को एकाएक क्या हुआ? ये तो जैसे अपने प्रागैतिहासिक रूप में पहुंच गई है।

ये सब जरूर तुम्हारा ही किया धरा है! क्या किया है तुमने पृथ्वी के साथ?

गलत सवाल! ये पूछो कि क्यों किया है!

पीछे मुड़कर देख लो! पूछने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

तुम पृथ्वी के शैशव काल को देख रहे हो, नागराज!
ये-ये...?
और अपने मृत्युकाल को। जिन उल्काओं से पृथ्वी का सीना नहीं बच पाया।
उससे तुम अपना सीना भला कैसे बचाओगे! और तुम्हारे नष्ट होते ही तुम्हारे शरीर में कैद पिंक एनर्जी आजाद हो जाएगी।
ये वे उल्काएं हैं जिन्होंने पृथ्वी के सीने में छेद करके महासागरों को जन्म दिया!
आऽऽह! अब मैं समझा तुम्हारी मुख्य शक्ति को!
तुम इच्छाधारी काल सर्प हो! तुममें समय धारा में जा सकने की भी क्षमता है!
गलत, काल कराल! मैं तो तुम्हारी समझ गया, पर तुम मेरी शक्तियों को नहीं समझे!
मेरे अंदर इच्छाधारी नागों को अपने शरीर में समा लेने की शक्ति है!
सही समझे! मैं अपने सामने वाली वस्तु को उसके भूतकाल में ले जा सकता हूं और स्वयं भी उसके पीछे वहां तक जा सकता हूं!
फिलहाल तुम पृथ्वी के भूतकाल में हो! जहां पर आकर तुम स्वयं ही एक भूत बनने वाले हो!
अब ये दस मील चौड़ी उल्का तुमसे टकराएगी और तुम इसके गैस के बादलों में घुलकर रह जाओगे।

जैसे तेरी समय धारा में जा सकने की शक्ति!
और उसी शक्ति के माध्यम से मैं तुझे अपने साथ अपने वर्तमान में ले जाऊंगा! ओफ्फ्फ!
और उनकी शक्तियों को समा लेने की भी!
तू भी एक इच्छाधारी नाग है, और तेरी शक्तियां इतनी प्रचंड हैं कि वे अपने आप तरंगों के रूप में मेरे शरीर तक पहुंच रही हैं,
और मैं अब तक उन शक्तियों को अपने अंदर समाकर अंजाने में ही उनका प्रयोग कर रहा था।
मैं उसी शक्ति के माध्यम से अपने भूत स्वरूप से संपर्क बनाने में सफल हो पाया और तेरी योजना ध्वस्त हो गई!
ये सही है कि मेरे अंदर समय धारा में जा सकने की इच्छाधारी शक्ति है...
पर वह मेरे सामने वाली वस्तु पर निर्भर करती है।
मैं अपने सामने मौजूद अधिकतर वस्तुओं के भूतकाल में जाकर उनके द्वारा किए गए कार्य को बदलने पर मजबूर कर सकता हूं।
पर ये मेरी एकमात्र शक्ति नहीं है! और ये भी जान ले कि मेरी शक्तियों को ग्रहण कर लेने के कारण ही तू 'पिंक एनर्जी' को अपने शरीर में सोखने में सफल हो पाया था।
पर ऐसा करके तूने सिर्फ अपने आपको ही नहीं, पूरी पृथ्वी के वर्तमान और भविष्य को भी नष्ट होने के कगार पर पहुंचा दिया था।

जो ऊर्जा पूरी पृथ्वी को एक लाख वर्षों तक अनवरत ऊर्जा दे सकती है। इस शक्ति को धारण कर पाना असंभव है।
अगर ये कुछ और देर तक तुम्हारे शरीर में रही तो ये विस्फोट के साथ फट पड़ेगी
और वह विस्फोट सिर्फ तुम्हारे ही नहीं, पूरी पृथ्वी के चिथड़े उड़ा देगा।
इसीलिए तुम्हारी भलाई इसी में है कि तुम मुझे अपने शरीर से 'पिंक एनर्जी' को खींच लेने दो!
ओऽऽह! तो तुम मुझे अंतरिक्ष की सीमा तक लाकर मेरी और पृथ्वी की रक्षा कर रहे थे। एक नई चाल!
तुम यकीन मानो तो ये सत्य है। पर मैं सिर्फ तुम्हारी ही नहीं अपनी भी रक्षा कर रहा था। क्योंकि पृथ्वी मेरा भी घर है।
पृथ्वी? तुम्हारा घर? कहीं तुम वही पर ग्रही तो नहीं हो जो उड़न तश्तरी से आते हैं।
नहीं, नागराज। अब तक मैं समझ गया हूं कि तुम रक्षक हो, इसीलिए सत्य कहने में तुमसे कोई बुराई नहीं है।
हम भी इसी पृथ्वी से हैं, पर सुदूर भविष्य से। उस भविष्य से, जहां पर 'पिंक एनर्जी' के अलावा ऊर्जा के बाकी सारे स्रोत खत्म हो रहे हैं। सौर ऊर्जा भी है पर वह एक बहुत महंगा विकल्प है।
इस परिस्थिति में जो 'पिंक कोर' पर नियंत्रण करेगा, वह पूरी पृथ्वी पर नियंत्रण करेगा!
पिंक कोर?
'पिंक कोर' वह मिनी पॉवर स्टेशन है जो तीन चौथाई आबादी को अकेले ऊर्जा सप्लाई करता है!
परंतु हमारे युग के एक अपराधी वैज्ञानिक ध्रुरा ने उस 'पिंक कोर' का मिनी डुप्लिकेट बना लिया।

"वह एक छोटा 'पोर्टेबल कोर' था और यह एक बड़ी खबर थी! उसने उसकी टेस्टिंग के लिए एक 'पिंक एनर्जी क्रिस्टल' की मांग की और वह उसको दे दिया गया।"
परंतु ये जानने में हमको देर नहीं लगी कि ये पूरा प्रपंच एक बड़ा फ्रॉड था! वह 'पिंक कोर' दरअसल में एक विनाशक एनर्जी रिएक्टर था!
"तुम्हारे आज के युग की भाषा में तो वह एक विशालकाय हाइड्रोजन बम था, जिसका धमाका एक पूरे बड़े देश को समतल कर सकता था।"
बार बार मुझे धोखेबाज कहने से आपकी समस्या तो हल होगी नहीं, मिस्टर यू. एन. प्रेसिडेंट सर!
मुद्दे की बात ये है कि आपको उन देशों से अपनी सेनाएं वापस बुलानी पड़ेंगी, जिनकी लिस्ट हमने आपको दी है।
वे तीनों देश आतंकवादियों को पनाह देते हैं। अगर हमने संयुक्त राष्ट्र की सेनाएं वापस बुलाईं तो..
गलत सवाल, अध्यक्ष जी! आपको पूछना चाहिए कि सेनाएं वापस न बुलाईं तो क्या होगा।
क्या होगा?
आधा यूरोप तबाह हो जाएगा। 'पिंक कोर बम' डेटोनेट करना पड़ेगा मुझे!
यूरोप में ही कहीं छुपाया है मैंने उसको! और वह कहां है इसका पता तुम कभी नहीं चला सकते।
ठीक है! पर... सेनाएं धीरे-धीरे ही वापस जा पाएंगी!
हां हां! इतना सिस्टम तो मैं भी समझता हूं। और हां! इससे पहले कि मैं भूल जाऊं!...
मुझे थोड़ा.. अ...पॉकेट खर्च भी चाहिए! कुछ... दो हजार मिलियन डॉलर!
दो हजार मिलियन! ये तो...
ज्यादा नहीं है न! थैंक गॉड! इतना पैसा मुझे मेरे स्विस एकाउंट में हर महीने चाहिए!...
एक घंटे का टाईम है तुम्हारे पास! चलो बाय!

TRANSMISSION
TERMINATED
पर मानने के अलावा और कोई चारा भी तो नहीं है।
ये तो चोरी और सीना जोरी वाली बात हो गई! एक तो हमें धोखा दिया और ऊपर से फिरौती भी मांग रहा है। वह भी EMI में!
चारा तो हमें चाहिए भी नहीं। उसे धुरा जैसे बकरों के खाने के लिए ही छोड़ देना चाहिए!
ताकि उनको हलाल करने में कुछ मजा भी तो आए।
अगर उस पागल ने सचमुच बम फोड़ दिया तो हलाल यूरोप होगा!
और उस बम को ढूंढ पाना समुद्र में रेत के कण ढूंढने के बराबर है।
और उस रेत के कण ने 'आ जाओ' का बोर्ड लगा रखा हो तो?
क्या मतलब?
इस मैसेज की रिकॉर्डिंग लोड करो। और धुरा का EXTREME CLOSE UP लो।
ये देखिए! उसके हेलमेट में रिफ्लेक्शन! पिंक कोर बम अभी उसी के पास है। वह गीदड़ भभकी दे रहा है! अभी तक वह ये बम कहीं फिट नहीं कर पाया है।
पर करेगा जरूर! और मैं उसको इससे पहले ही पकड़ लूंगा!
ओ.के. सर!

"बम धुरा के पास है यह तो तुमको पता है, काल-कराल, पर धुरा कहां है यह कैसे पता करोगे?"
"मृत्युदूत घास के मैदान में खोया तिनका तक ढूंढ सकता है, अध्यक्ष जी।"
काल कराल का चमचा मृत्युदूत मुझे जरूर ढूंढ निकालेगा।
...पर काल कराल मुझ तक इस हवा में उड़ते प्लेन में कभी नहीं पहुंच पाएगा!
जब तक मैं उसके सामने नहीं पड़ूंगा तब तक वह मेरे भूत काल में नहीं जा पाएगा।
और मुझसे इस पिंक कोर बम को वह एक ही हालत में छीन सकता है। मेरे भूतकाल में जाकर! वर्तमान में तो मैं ऐसा...
...होने दूंगा नहीं? यही मुझे भी कहना है।
काल-काल कराल ! तुम यहां कैसे?
तू जब धमकी दे रहा था तो हल्का सा लड़खड़ाया था तभी मैं समझ गया था कि तू हिलती जमीन पर है। प्लेन में या शिप पर!
तेरी मौत खींच लाई मुझे। अब इसमें मेरा क्या कुसूर?
इसीलिए मृत्युदूत ने हवा में उड़ते सारे प्लेन्स में तेरी तरंगों को चेज किया। और ये प्लेन मिल गया।
फिर मैं तेरे प्लेन के भूतकाल में गया और उड़ने से पहले ही उसमें प्रवेश कर गया!

चाहता तो था कि उसी वक्त भूतकाल में ही तेरा काम तमाम कर दूं।
पर न जाने क्यों समय धारा में कुछ अवरोध आ रहे थे।
इसीलिए मुझे वर्तमान में पहुंचने तक का इंतजार करना पड़ा।
इस प्लेन में फिट मेरी पोर्टेबल टाइम मशीन ही तेरी शक्ति में खलल पैदा कर रही थी।
वह इसीलिए क्योंकि अब मेरे पास भी समय धारा में जाने की वैज्ञानिक शक्ति है।
मैं अब स्वयं भी भूतकाल में जाने योग्य समय धारा पैदा कर सकता हूं।
और चाहूं तो तुझे टुकड़े-टुकड़े कर के अलग-अलग समय धाराओं में भेज सकता हूं।
तेरा इतना साहस SSSSSS?
"मैं एक जाल में फंस गया था। मेरी शक्तियां धुरा तो सह ले रहा था।"
आSSSह!
"पर अपने प्लेन को उसने इस लायक नहीं बनाया था। मेरे वार से प्लेन का फर्श टूटा-वह प्लेन से बाहर खिंच गया। पिंक कोर बम मेरे हाथ में आ गया था।"
"पर मुसीबतें तो अभी सिर्फ शुरू हुई थीं!"

मैं तो सिर्फ एक मोहरा हूं, काल कराल! मैं तो कहीं न कहीं से पिंक हीरे लेकर ही आऊंगा।
पर जिसका काम तूने बिगाड़ा है वह तुझे छोड़ेगा नहीं।
ये जानने के बाद अब मैं उसे नहीं छोड़ूंगा!
जब मैं नहीं जानता कि वह कौन है तो तू उसे कैसे जानेगा!
उसके बाद मैंने धुरा को ढूंढने की बहुत कोशिश की। पर मैं असफल रहा! और फिर, एक और वार हुआ! इस बार वार मेरे शरीर पर नहीं...
"मेरे दिल पर किया गया था।"
कहिए, कमिश्नर! अब क्या मदद करूं?
एक छोटी सी मदद!
इस महिला को जानते हो तुम?
ये! शायद कभी मिले हों। पर आप ये क्यों पूछ रहे हैं?
ये एक मर्डर विक्टिम है जिसका मर्डर अभी एक घंटा पहले हुआ है।
इसके फ्लैट में इसकी एक पुरुष के साथ कुछ फोटोज् भी मिली हैं। वह पुरुष भी लापता है।
काल कराल

पर फिलहाल तुम भी शक से परे नहीं हो।
पुलिस साइकोएनालिस्ट के अनुसार विक्टिम आमतौर पर ऐसी दशा में अपने कातिल का नाम ही लिखता है।
"मेरे लिए किसी को भी समझा पाना असंभव था।"
"क्योंकि फोटो में जो पुरुष था वह मेरा गुप्त रूप अक्सा था, और ये कोई भी नहीं जानता था कि अक्सा मैं हूं।"
"फिर हिमोना को जानने का सवाल ही कहां पैदा होता था। पर ये तय था कि मेरी मंगेतर की हत्या मुझे दुःख और दंड, दोनों देने के लिए ही की गई थी।"
धीरज रखो, दोस्त! कातिल हमसे छुप नहीं सकता।...
सही कहा मृत्युदूत ने। तुम तो उस एपार्टमेंट के भूतकाल में जाकर कातिल को देख भी सकते थे...
...और पकड़कर होनी को अनहोनी भी बना सकते थे।
नहीं, नागराज! भौतिक जगत की तरह समय धारा के भी कुछ नियम होते हैं।
अगर किसी का समय पूरा हो गया हो तो कोई चाहकर भी इस धारा को पलट नहीं सकता।
मैं चाहे कितनी भी बार भूतकाल में जाता पर ये घटना हर बार घटित होती ही होती! पर इस बार समस्या दूसरी थी।
मुझे अपनी मंगेतर को बचाना नहीं था बल्कि उसके कातिल को देखना था।
परंतु मैं ऐसा नहीं कर पाया। एक विपरीत समय धारा इस कार्य में व्यवधान पैदा कर रही थी।
मैंने धुरा का पता लगाकर समय धारा की मदद से उसके पीछे जाने की कोशिश की।
तब मुझे शक हुआ की वह समय धारा में बहुत पीछे आ गया है, वहां पर जहां पिंक एनर्जी क्रिस्टल का जन्म हुआ था।

यानी तुम्हारे युग में। यहां से 'पिंक एनर्जी क्रिस्टल' हासिल करना...
...उसके लिए ऐसा ही होता जैसा कि किसी बच्चे से लॉलीपॉप छीनना! पर वह यह नहीं जानता था कि उस बच्चे का नाम नागराज है।
पर वह यह जानता है कि उसी बच्चे के चाचा का नाम...
...नागपाशा है!
आऽऽऽऽह! ये-ये तो 'डिफ्रैगमेंटर रे' है। वही जिसका वार धुरा ने मुझपर प्लेन में किया था! पर तब मैं इसके लिए तैयार था! इससे मुझे इस वार की उम्मीद नहीं थी।
ये मेरे शरीर के अलग-अलग हिस्सों को सेलेक्ट करके उनको अलग-अलग टाईम जोन में भेज रही है।
पर..मैं वापस आ..जाऊंगा। लेकिन.. उसमें मुझे समय लगेगा।
तब तक तुमको अपने शरीर में संचित.. पिंक एनर्जी को.. सुरक्षित रखना होगा।

सुरक्षित कैसे रखेगा? जब घड़ा टूटेगा तो उसमें भरा पानी कैसे बचेगा?
आऽऽऽह! तुम एक बार फिर पिटने आ गए, नागपाशा!
इस बार नहीं, नागराज, इस बार नहीं! इस बार मेरे पास भविष्य की तकनीक है जिसके खिलाफ तुम्हारे पास कोई बचाव का रास्ता नहीं है।
तुमको शक्ति देने वाले ने शायद ये नहीं बताया कि मेरे शरीर में इस वक्त...

...पहाड़ों को छेद देने की भी शक्ति है।
आऽऽऽह! तू अगर पिंक एनर्जी की बात कर रहा है...
...तो थोड़ी देर बाद वह मेरे पास होगी! तू ये महाशक्ति इसीलिए पचा पा रहा है क्योंकि ...
तेरे शरीर में बसे लाखों लाख नागों ने उस शक्ति को टुकड़े टुकड़े में धारण कर रखा है।
"अब मैंने तेरे शरीर में 'एंटी बायो एनर्जी' के 'नैनो बॉट्स' डाल दिए हैं! ये तेरे शरीर के सांपों को एक-एक करके खत्म करते जाएंगे! और 'पिंक एनर्जी' आजाद होती जाएगी!"
आर्ईईईईघघघ!!
और फिर दो मिनटों के अंदर उसकी तीव्रता इतनी बढ़ जाएगी कि वह तेरे शरीर के चिथड़े करती हुई मेरे कंटेनर में समा जाएगी!
नागराज की जान सिर्फ यहीं पर नहीं।...

कहीं और भी खतरे में थी।
एक बार तेरा पुत्र जलधारा में बह जाए, मेरे भईया! फिर तुझे भी भवसागर पार करा दूंगा!
देव कालजयी जी की यही इच्छा थी! अब वे ही तुम्हारी रक्षा करेंगे पुत्र!
इसको यमराज ने अपनी शरण में ले लिया है। धुरा नाम का यमदूत भेजा है। इसको ले जाने के लिए!
वार करो इस पर!
महाराज! वह देखें! चमत्कार!
यह क्या? क्या सचमुच देवकालजयी ने मेरे पुत्र को शरण में ले लिया है।
शिशु के प्राण तो पहले ही जा चुके हैं। या शायद नहीं। कुछ गड़बड़ है! इसे रोकना होगा।
इतना समय नहीं है मेरे पास! इसकी खोपड़ी टूटते ही मैं तो चला!

ये आदमी मुझे देखा देखा सा क्यों लग रहा है।
अच्छा किया जो नागपाशा के जरिए उसके भूतकाल तक आ गया। वह तो शायद नागराज को वहां पर न मार पाए...
...पर मैं नागराज को यहीं पर मारकर उसका भविष्य ही खत्म कर दूंगा। फिर उस वर्तमान में नागराज लुप्त हो जाएगा और सिर्फ पिंक क्रिस्टल बच जाएंगे।
...जिनको नागपाशा मेरे दिए हुए मैग्नेटिक जार में कैद कर लेगा।
ये-ये क्या? नागराज जमीन से टकराया क्यों नहीं?
क्योंकि मौत बांटने वाले का नाम...
तो काल कराल है...
तू..तू यहां तक कैसे आ गया?
आसान था! नागपाशा के सामने आते ही मैं उसका भूतकाल जान गया था!
और उसके भूतकाल में बाल-नागराज सामने आते ही मैं तेरी योजना भी समझ गया था...

...कि तू ध्यान भटका कर, भूतकाल में जाकर, असहाय बाल नागराज को मारकर...
...उसका पूरा इतिहास ही खत्म कर देना चाहता है! अगर ऐसा न होता तो तू नागपाशा जैसे चूहे को हमारे सामने न भेजता।
मैं चूहा? या-ये किसी और नागपाशा की बात कर रहे हैं। और ये बच्चे को नागराज क्यों कह रहे हैं। इसका नामकरण कब हुआ?
खैर! मुझे तो बस ये देखना है इस देव दानव युद्ध में चाहे जीते कोई पर हारे नागराज..ओफ..मेरा मतलब... ये बच्चा!!

महाराज! ये क्या हो रहा है मेरे पुत्र के साथ?
महारानी! आपको इस हालत में यहां पर नहीं आना चाहिए था!!
अगर मेरा पुत्र मृत है तो उसके लिए ये देव-दानव युद्ध क्यों हो रहा है?
पता नहीं, महारानी! परंतु हम मूक दर्शक बनकर देखने के अलावा और कुछ नहीं कर सकते!
क्यों नहीं कर सकते, महाराज! हमारे पास भी वेदाचार्य और गुरुदेव जैसे ज्ञानी हैं जिनसे देव-दानव भी थरथर कांपेंगे!
सही याद दिलाया, रानी! हमारा पुत्र शाप का शिकार ही सही, पर इस मामले की तह तक तो पहुंचना ही पड़ेगा!
वैसे तो मैं सिर्फ पिंक क्रिस्टल्स लेकर ही लौट जाता धुरा, पर तूने मेरे दिल पर घाव लगाया है।
अब तेरे दिल को धड़कता हुआ मैं छोड़ूं भी तो कैसे?
मुझे तो ये भी नहीं पता कि तू किस घाव की बात कर रहा है।
पर धड़कनें बचेंगी उसी की जिसकी किस्मत साथ देगी!
काल कराल किस्मत को नहीं मानता, होनी को मानता है। और होनी ने...

काल कराल को अपना अधिकारी नियुक्त किया है!
वही होगा जो काल कराल चाहेगा।
आऽऽऽह! मेरा दिल धीमे हो रहा है। धड़कनें रुक रही हैं। ऽऽ! आऽऽह!
धुरा का अंत करीब था!-
परंतु काल कराल को यह सबक मिलना अभी बाकी था कि होनी को वह नियंत्रित नहीं करता है।
होनी तो बस..होती है।
गुरुदेव आप ये क्या कर रहे हैं? जो हमारे रास्ते के कांटे बीन रहा है उसी के पीछे लात जड़ रहे हैं।

सुन रहा हूं, चेले। तू है कहां?
अपने भतीजे के गिरने का इंतजार कर रहा हूं ताकि मैं लपक कर उसकी गर्दन काट दूं, और जिए-मरे की बहस ही खत्म कर दूं।
वही तो मैं भी कर रहा हूं! तू बस इंतजार कर!!
नागराज बड़ी मुश्किल से जान बचाए हुए था।
लेकिन अब किसी भी पल उसका जीवन ही नहीं उसका अस्तित्व भी, मिटने की कगार पर था।
आऽऽऽह! मेरे शरीर में नागों की घटती तादाद इस महाऊर्जा को संभाल नहीं पा रही है।
आऽऽह! कमजोरी भी बढ़ रही है। अब एक ही रास्ता है।
मुझे पिंक एनर्जी को अपने शरीर से बाहर निकालना ही होगा! पर उसको सुरक्षित करने का रास्ता सोचने के...
बाऽऽऽऽढ़ा
हाहाहाहा। मेरे वारों ने तुझे बचने का रास्ता ढूंढ़ने का मौका नहीं दिया।...

हाहाहाहाहा! अब ये ऊर्जा मेरी है। सिर्फ मेरी!
सपने देख, नागपाशा!...
सिर्फ सपने! नागराज ने किसी अनहोनी की सूरत में ये योजना पहले ही बना रखी थी। नागराज के शरीर के बाद, सिर्फ मेरी मणि में ही इसको संभाल सकने की शक्ति है।
अरे, संपोले! जब नागराज ही इसे कुछ मिनटों से ज्यादा नहीं संभाल पाया, तो तू इसे क्या संभालेगा?
तू तो अपनी जान और...
...अपनी मणि को बचा ले यही बहुत है!!
ये संघर्ष एक महत्वपूर्ण कारण के लिए था।
बचाने के प्रयास यहां पर भी जारी थे।-

और यहां पर भी!
परंतु यहां के युद्ध का कारण तो समाप्त हो चुका था।
तुम लोग ये समझ क्यों नहीं रहे हो, कि मैं इस बालक को बचाने आया हूं।
मृत को बचाने आए हो? इसमें जीवन के कोई लक्षण नहीं है!
सत्य है! परंतु इसमें मृतक के लक्षण भी नहीं है!
पर अगर आज इसको कुछ हुआ तो आगे हजारों वर्षों तक का संसार थरथरा उठेगा!
और काल कराल के रहते ऐसा नहीं होगा!
...और नागपाशा को मौका मिल जाएगा।
अच्छा ही हुआ! अब मुझे भी अपने शिकार को ढील देने का बहाना मिल गया है। अब ये दोनों फिर से लड़ेंगे।
चेले! यही मौका है। तू सामने आ जा और बच्चे को बचाने के बहाने उसे लपक ले!
जो आप कहें गुरुदेव! पर.. बच्चे को लपकूं कैसे?
अब और समय बर्बाद नहीं करना। इस बच्चे का भविष्य मैं जानता हूं।
इसको मैं अपने साथ निकट भविष्य में ले जाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दूंगा।

हाथ से जाता रहेगा?... नहीं गया!!
काल कराल नहीं जा पाया!!
ओफ्! अगर ये नागराज को यहां से ले गया तो इसको ढूंढ़ना असंभव हो जाएगा।
और नागराज को मारने का एक आसान तरीका...
ये..ये क्या? मुझे समय-धारा के बहने का आभास तो हो रहा था! फिर व्यवधान क्यों हुआ?
मैं समझ गया!! तू किसी मृत को भविष्य में ले ही नहीं जा सकता! उसका समय खत्म हो चुका है।
ये प्रकृति के नियमों के खिलाफ है! ये एक और सुबूत है कि ये शिशु मृत है।
शिशु चाहे मृत हो, पर नागपाशा अपने मृत भतीजे का भी अपमान नहीं होने देगा!
नागपाशा!
नागपाशा!! ये-ये तो नागपाशा है !!
ये दोनों तो सचमुच मुझे पहले से जानते हैं।

कुछ समझ में नहीं आ रहा है। कोई कुछ बक रहा है। कोई कुछ! मेरे बच्चे के साथ खिलवाड़ हो रहा है। और मैं...
अब तू देखेगा मुझे इस बच्चे की गर्दन मरोड़ते हुए!
...तेरा इंतजाम करूंगा।
अब मैं इसकी गर्दन मरोड़ूंगा, लेकिन इससे पहले मैं...
मैं तेरी समय शक्ति को अवरुद्ध कर दूंगा! कुछ वैसा जैसा मैंने अपने प्राइवेट प्लेन में भागने के दौरान किया था। वैसे भी तू अभी कमजोर ही है।

अब देख, काल कराल! नागराज की मौत!
रुक जा, दुष्ट!
मेरा बच्चा!
ओफ्! ये क्या?
हा हा!
तू नागराज को मारकर उसका भविष्य खत्म करना चाहता है पर अगर नागपाशा ही न रहा तो क्या करेगा तू?
मैं इसका भविष्य यहीं पर खत्म कर देता हूं!
न..नहीं! नहीं!
तो पहले शिशु को अपने सफर पर जाने दे!
ये..ये लो! अब मैं तो चला। जब तक तू अपनी शक्ति बटोर कर मेरे पीछे आ पाए...

"नागराज को वैसे ही मार डालूंगा।"

हाहाहा!!
आखिरकार!

"पर मुझे शक है कि अब तू अगले दस सालों से
पहले अपनी शक्ति बटोर पाएगा, काल कराल!"

एक एक करके महायोद्धा गिरते जा रहे
थे। अच्छाई लड़ाई हारती जा रही थी।

और ये सिर्फ एक समयकाल तक सीमित नहीं था।
काल कराल की कोई सूचना मिली?
नहीं, कमिश्नर! उन्होंने अभी तक कोई संपर्क नहीं किया।
HEADQUARTERS POLICE
काल कराल ने कानून का यह खुला उल्लंघन किया है। नियमों की धज्जियां उड़ाई हैं उसने।
...उसने शहर और देश तो छोड़ो, यह समय काल ही छोड़ने की हिम्मत कर ली।
और सबसे बद्तर बात यह है कि मेरे विश्वास को तोड़ा है उसने!
मेरे यह बताने के बाद भी कि वह अपनी मंगेतर की हत्या के सिलसिले में स्वयं एक संदिग्ध है,...
संदिग्ध काल कराल नहीं, धुरा है। और वे धुरा के पीछे ही गए हैं।
पिंक एनर्जी क्रिस्टल, जो काल कराल ने धुरा से हासिल किया था, वह मुझे चाहिए!
वह मेरे संरक्षण में है! मैं अभी उसे आपको लाकर दे देता हूं!
सदियां बीत गईं पर पुलिस वालों का शक्की मिजाज नहीं बदला!
वे समझते नहीं हैं कि धुरा को पकड़ना कितना जरूरी है।

"क्योंकि धुरा चाहे भागा-भागा फिर रहा हो, पर उसके वफादार तो अभी भी यहां मौजूद हैं।"
"जो उसकी योजना पर काम करना जारी रखेंगे।"
POWER PLANT
"और उनका निशाना हमेशा एक ही होगा।"
कड़क
"हमारा सेंट्रल पॉवर स्टेशन जो 523 राज्यों को ऊर्जा देता है।"
"पिंक एनर्जी की मदद से।"
सेंट्रल पॉवर स्टेशन पर अटैक हो रहा है! हमें बैकअप चाहिए अभी हमने स्थिति को नियंत्रण में रखा हुआ है।

"पर दूसरा हमला कभी भी हो सकता है।"
ये..ये क्या है?
ये..धुरा का कोई आदमी तो नहीं है?
हां! याद आया! मैं इससे पहले भी लड़ चुका हूं! ये नर्वक है! नर्व सेल से बनाया गया एक खतरनाक जैविक हत्यारा!
इतना खतरनाक भी नहीं है! इससे ज्यादा खतरनाक तो मेरा ब्लास्टर है।

देखा! ये ब्लास्टर शॉट इंसान तो क्या, एक बड़े टैंक तक को पानी बना सकता है।

...फिर ये बायोलोजिकल पुतला क्या चीज है।
सिल्वो!

क्या.. आऽऽऽऽऽ!

ओ गॉड! ओ गॉड!!!
अब तो हमारे पैकअप की नौबत आ गई है...

पर बैकअप अभी तक नहीं... मृत्युदूत!
इसकी मौत का ऑर्डर लेकर आया हूं मैं..पर वह लागू होगा।

...इसके ये बताने के बाद कि धुरा कहां है! क्योंकि जहां पर धुरा होगा, वहीं पर काल कराल भी होगा!
मेरा विष इसके शरीर की सभी नर्वस पॉवर्स को जाम कर देगा और अगर इसको जिंदा रहना है...
तो इसको जबान खोलनी ही होगी।
ह..ह..आऽऽ ह! धु..धु..
म..ऽमैं नर्वक!
जोर से बोल! कुछ सुनाई नहीं दे रहा है।
पा...स... आ...ओ।
बता!
तू मरने वाला है।
क्या बक रहा है...
आऽऽऽऽऽ!
तेरी शक्तियां तुझे मरने नहीं देंगी मृत्युदूत और मैं तुझे जीने नहीं दूंगा।

छोड़ दो मेरा रास्ता,!! काल कराल है नहीं, मृत्युदूत रहा नहीं,....
अब 'पिंक कोर' तक पंहुचने से तुम्हारी मच्छर टोली...
..मुझे किसके दम पर रोकेगी SSSSSS। आSSSह!
अरे! काल कराल आ गया क्या?
काल कराल नहीं, सिर्फ काल! इसके जैसे दुष्टों का काल।
मुझे तो तुम भी धुरा की पैदाइश लग रहे हो।
गलत! मैं तो यहां सिर्फ मृत्युदूत से मिलने आया था!... पर नर्वक तो बिल्ली की तरह रास्ता काट गया।
आSSह!... मु..झसे..मिलने.. आ..आए हो!..कौन.. हो..तुम?
नागराज!

नागराज!
नागराज कौन? हम तो एक ही नागराज को जानते हैं! मध्ययुग का सबसे सक्षम रक्षक नागराज!
सक्षम की तो मैं नहीं जानता, पर रक्षक नागराज मैं जरूर हूं!
पर..तुम.. तुम यहां...?
अब और कुछ मत पूछना! क्योंकि अब पूछना मुझे है! तुम यहां के रक्षक लगते हो! काल कराल से तुम्हारा क्या संबंध है?
काल कराल तो मेरे गुरू हैं! उनसे मैं काल इच्छाधारी होने के गुर सीख रहा हूं! क्या तुम भी काल इच्छाधारी सर्प हो?
नहीं! मैं यहां तक कैसे पहुंचा यह मुझे भी नहीं पता! पर पहुचा मैं सही समय पर हूं! धुरा के इस चमचे के हाथों में मैं इन एनर्जी क्रिस्टल्स को पड़ने नहीं दूंगा!
मैं भी तुम्हारी मदद..आ ऽऽह!
तुम अपने आपको संभालो। इसको मैं देखता हूं!
ओफ्! इन क्रिस्टल्स के चारों तरफ एक अजीबो-गरीब शक्ति का पॉवर-फील्ड है जो मुझे उड़ने से रोक रहा है।
परंतु अगर ये ऊर्जा मुझे कमजोर कर रही है तो इस पर भी समान असर डालेगी।
इसकी शक्तियां भी क्षीण होती दिख रही हैं।

पर ज्यादा नहीं! ओऽऽऽफ्!
इस लड़ाई का नतीजा निकलने में समय लग सकता है। मुझे पहले पिंक क्रिस्टल्स की सुरक्षा का इंतजाम करना होगा! और उसके बाद...
आऽऽऽह! इनके स्पर्श का झटका तो एकदम अलग सा है! हाई वोल्ट बिजली के झटके से भी बुरा!
अब मैं भी अपनी शक्तियां वापस आती हुई महसूस कर रहा हूं।
मृत्युदूत!
ओफ्। ये क्या हुआ। अब कुछ ही पलों में ये नागराज के स्नायु तंत्र को या तो नष्टकर देगा या अपने कब्जे में ले लेगा।
मैं...आऽऽह... आ रहा हूं, नागराज! संभाले रखो अपने आपको!

ये क्या? अगर ये जीवित प्राणी है, तो मेरे शरीर के अंदर घुसते ही इसके तंतु गल जाने चाहिए थे। या शायद ये गल तो रहे हैं पर साथ ही साथ बनते भी जा रहे हैं।
पर मैं अपना नर्वस सिस्टम दुबारा नहीं बना सकता। अब तो मैं अपना हाथ तक नहीं हिला पा रहा हूं!
पर फिलहाल हाथ हिलाने की जरूरत है भी नहीं। मुझे सिर्फ एक पल की राहत चाहिए...
ताकि मैं असंतुलित होकर इस फैन पर गिर सकूं।
और उसके बाद...
इसके तंतु ऐंठकर अपने आप मेरे शरीर से बाहर निकल जाएंगे, और...
मैं इसको असंतुलित कर दूंगा!

आऽऽह।
मुझे इसके फटने का अंदाजा नहीं था!
नागराज इस युद्ध को अगर समाप्त हुआ समझ रहा था।-
अब तो...आऽऽह... इसको शरीर से दूर रखने का कोई रास्ता भी नहीं सूझ रहा है।
तो अब उसके समाप्त होने का वक्त आ गया था।
अब तू गया, नागराज!
आऽऽऽह! तो ये इसकी चाल थी। दुश्मन को मरने से पहले मरा नहीं समझना चाहिए।
सुना है ये भूतकाल से आया है।
वहीं मर जाता। इतनी मेहनत करके मरने की क्या जरूरत थी।

बस!
रुक जा!
...और इसका पिंक क्रिस्टल्स ले जाने का सपना...
ये-ये तुमने कैसे किया?
इसी की गलती से! कुल्हाड़ी पर पैर मार लिया था इसने! अगर ये अपने तंतुओं से मुझे कंट्रोल कर सकता था तो मैं भी इसके तंतुओं से इसे कंट्रोल कर सकता था।
मैंने इसको तंतुओं के द्वारा हिप्टोटिक तरंगें भेजकर इसे वश में कर लिया।
...सपना ही रह गया!! अरे! क्रिस्टल्स कहां गए! यहां तो सिर्फ एक बचा है।

मैं समझ गया। बहुत शातिर चाल चली है धुरा ने!
पर कैसे? ये कोर तो मेरे सर्पों से ढका था। इनको जीते जी हटा पाना किसी महाशक्ति के ही वश की बात है।
हम इससे उलझे रहे और क्रिस्टल्स कोई और ले गया।
और वह एक क्रिस्टल क्यों छोड़ गया।
अगर सारे क्रिस्टल्स उठाने की कोशिश करता तो पॉवर सप्लाई ही बंद हो जाती।
चारों तरफ अंधेरा छा जाता और वह पकड़ा जाता।
हम्मम! लगता है धुरा हमसे एक कदम आगे चल रहा है।
इसी कारण वह आज तक हमसे बचा हुआ है।
पर अब उसको रोकना असंभव है। अब वह हमको धूल में मिला देने की ताकत रखता है।
बस एक बात समझ में अभी भी नहीं आ रही है।
"यही काम करना था तो वह बहुत पहले कर सकता था। इतना इंतजार क्यों किया उसने?"
और वह है धुरा की टाइमिंग।
पिंक हीरों की शक्ति तो मेरे पास पहले से ही है। अब मुझे तुझसे सिर्फ एक चीज और चाहिए।
शाबास, नागपाशा! मुझे पता था कि तुम नागराज को हराने में सफल जरूर होगे।
अब ये एनर्जी क्रिस्टल मुझे दे दो और मुझसे इस धरती पर राज करने की शक्ति ले लो!
तुम्हारा समयधारा में ले जाने वाला यंत्र! ऐसा करोगे तो कम से कम अपनी जिंदगी इस युग में ही सही, काट लोगे।

तू दोगले..आ SSSSSह!!
अंधा है क्या? मेरा तो एक ही गला है।
धुरा ने गलत जगह पर सही दांव चला था।-
पर यहां पर तो खेल से पासा ही गायब था।
व्हाट! ये घटना तो..कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा देगी। कुछ ही घंटों में पूरा विश्व अंधकार में डूब जाएगा!
और उसके बाद हजारों काल कराल और लाखों मृत्युदूत मिलकर भी स्थिति को संभाल नहीं पाएंगे!
इससे पहले कि बिजली चली जाए,...
...मैं अपना मैसेज पूरी दुनिया के लोगों को दे देना चाहता हूं।
पॉवर का नया रेट आप तक पंहुचा दिया जाएगा।
आज से मैं आप सबकी नई पॉवर सप्लाई एजेंसी हूं।
और हां! किसी देश को अगर आपत्ति हो तो उस देश को समतल करने में हम मदद भी कर सकते हैं...
अब जो मेरे सामने घुटने नहीं टेकेगा वह खड़ा होने के काबिल ही नहीं रहेगा!
ओफ! अब तो बात हमारे हाथ से जा चुकी है।
धुरा वापस आकर पूरी दुनिया को अपने कब्जे में ले चुका है!! अब तो सिर्फ देश की सरकारें ही इससे निपट सकती हैं।
या फिर.. काल कराल!
पर काल कराल है कहां? कहीं इसका अर्थ ये तो नहीं है कि...
नहीं! ये संदेश धुरा का नही है... ये कई क्लिप्स को जोड़कर बनाया गया है। बीच बीच में झटके साफ देखे जा सकते हैं।

"हमको इस संदेश को बनाने वाले तक पहुंचना है।"
ये समस्या तो और टेढ़ी हो गई। जरूर धुरा का कोई आदमी उसे डबल क्रॉस कर रहा है। पर...
...सवाल यह है कि वह शख्स है कौन?
शाबास, चेले! मैंने तेरी पॉवर को इस 'पॉवर ट्रांसफॉर्मर' से लिंक कर दिया है।
आऽऽऽह
अब तेरी पॉवर फिलहाल सिर्फ दस गुना बढ़ी है पर ये धुरा को पीटने के लिए पर्याप्त है।
सही कहा, गुरुदेव! मैं भी इसको मारना नहीं सिर्फ इतना पीटना चाहता हूं कि ये अपनी समय शक्ति दे कर वापस भाग जाए!
आऽऽह! मुझे समझ जाना चाहिए था कि तू मौका मिलते ही डबल क्रॉस करेगा। जो अपने भाई का नहीं हुआ वह भला मेरा कैसे होगा?
मैं तेरी जान बख्श रहा हूं और तू मुझे कोस रहा है। अब तो मैं तुझे डबल क्रॉस कर के ही रहूंगा।
ये उसी पिंक एनर्जी की तलवार है। अब इसी से मैं तुझ पर डबल क्रॉस बनाऊंगा और तुझ में इतनी ताकत नहीं है कि इसको रोक सके!
बंदर के हाथ में चाकू दोगे तो अपनी नाक ही काटेगा!

जैसे पहले धुरा ने काटी और अब तू काट रहा है।
एक दम..सही समय पर आए हो, काल कराल! तुमने हर बार मुझे मेरी मूर्खताओं की सजा दी है।..इस.. बार भी दो!... पर पहले...दुनिया को...तबाह होने से बचा लो!
तुम...अपनी...समयधारा की शक्ति का प्रयोग करके.. इसको शक्ति हासिल करने से पहले ही रोक सकते हो!
मैं समय शक्ति का प्रयोग कर नहीं पा रहा हूं!!
शायद इसीलिए क्योंकि जब हम भूतकाल में थे तो मैंने अपनी समय शक्ति बालक नागराज को देने की कोशिश की थी ताकि वह तुम्हारे चंगुल से छूटकर दूर जा सके।
पर न तो शिशु नागराज कहीं जा पाया और न ही मैं! अपनी थोड़ी सी शक्ति को वापस बटोर कर
यहां तक आ पाया हूं। पर तुम अपनी समय शक्ति का प्रयोग क्यों नहीं करते?
पता नहीं क्यों, लेकिन मैं अपने युग में मौजूद यंत्रों से संपर्क नहीं बना पा रहा हूं।
काल कराल और धुरा की यह अघोषित संधि भी उनके प्राणों को शरीर से दूर होने से बचा नहीं पा रही थी।

हमारे पास वक्त बहुत कम है, नागराज! बेहतर होगा कि हम घर में बैठकर नीति बनाने के बजाय सीधे धुरा के आदमियों पर...
...धावा बोलें और उस शख्स का पता लगाने की कोशिश करें जो पिंक एनर्जी क्रिस्टल्स का असली लुटेरा है!
उसमें समय लगेगा, मृत्युदूत! और चेतावनी के अनुसार हमारे पास सिर्फ आधे घंटे का समय है...
जिसमें से पांच मिनट हम खर्च चुके हैं। वैसे तुमको क्या लगता है...
...क्या काल कराल की मंगेतर का हत्यारा और एनर्जी क्रिस्टल्स का लुटेरा एक ही शख्स हो सकता है?
क्या? पर...पर वह तो पक्का धुरा का ही काम था!!
काल कराल ने ऐसा तो नहीं कहा था!
हो सकता है तुम ठीक कह रहे हो। इस नजरिए से तो मैंने कभी सोचा ही नहीं।
बस! अगर तुम लोग इतना सोच सको कि वह कौन शख्स हो सकता है...
...जिसे काल कराल के गुप्त रूप के बारे में भी पता हो तो हमको भटकना नहीं पड़ेगा!
कहीं वह शख्स तो अपराधी नहीं है?
कौन?

वह!
ये...ये तो मैं!...ये क्या मजाक है?
मजाक होता तो अच्छा था! पर ये सत्य है!
तुम्हारा दिमाग खराब हो गया है। एक अल्प विकसित दिमाग और क्या सोच सकता है।
पर एक विकसित दिमाग सिर्फ यही सोच सकता है, यह जान कर मुझे दुख हुआ!
अब सिर्फ इतना बता दो कि वो एनर्जी क्रिस्टल्स कहां हैं?
बस! तुम पर शक तो मुझे काल कराल की मंगेतर की हत्या का मामला जानने के बाद ही हो गया था। क्योंकि सिर्फ तुम उसके गुप्त रूप के विषय में जानते थे।
...ताकि उसके बाद में तुमको यहां की पुलिस के हवाले कर सकूं!
मुझे आश्चर्य हो रहा है कि ऐसा भला तुम सोच भी कैसे सकते हो? मैंने ऐसा कुछ भी नहीं...
परंतु पिंक क्रिस्टल्स चोरी हो गए हैं ये भी सिर्फ मैं, तुम और चंद गार्ड ही जानते थे। धुरा का फटाफट वीडियो बना डालना सिर्फ तुम्हारा काम ही हो सकता था!
ये जानने के बाद मेरा शक दूर हो गया। सारे तथ्य अपने आप आपस में जुड़ने लगे?
और सबसे पहला तथ्य यही था कि तुम बगैर काल कराल की जानकारी में आए...
...समय ईच्छा शक्ति को प्राप्त कर चुके थे!
तेरा दिमाग तेरे समय की तुलना में काफी विकसित है! तू उस सच को समझ गया जिसको काल कराल भी नहीं समझ पाया।

काल कराल का सहयोगी, उसका दोस्त, उसकी 'साइडकिक' सुनते सुनते मेरे कान पक गए थे।
काल कराल ने मेरा वजूद ही खत्म कर दिया था।
उस वजूद को वापस पाने का सिर्फ एक ही तरीका था।...काल कराल को खत्म कर देना!
पर पहाड़ को हटाने के लिए बड़ी ताकत और दुनिया की सबसे बड़ी योजना चाहिए होती है। और इस दुनिया की सबसे बड़ी चीज थी...
...ऊर्जा और उस ऊर्जा को देने वाले पिंक क्रिस्टल्स! क्राइम किंग धुरा और काल कराल की दुश्मनी जग जाहिर थी।
इसीलिए मैंने बगैर उसको अपना रूप दिखाए उसकी मदद की! क्रिस्टल्स को चुराने में भी और भागने में भी।
मेरा एक मात्र उद्‌देश्य काल कराल को इस समयकाल से दूर करना था। पर सिर्फ इतना ही कारण काल कराल को धुरा के पीछे भेजने के लिए काफी नहीं था।
इसीलिए मुझे इस मामले को व्यक्तिगत बनाना पड़ा।
न चाहते हुए भी उसकी मंगेतर की जान लेनी पड़ी। और इसका ठीकरा धुरा के सिर फोड़ना पड़ा।
और जब एक बार दोनों दूसरे समयकाल में पहुंच गए तो मैंने यहां पर अपना काम शुरू कर दिया! अब मेरे पास वह शक्ति है जिसके सामने काल कराल भी नहीं ठहर सकता।
अब जब तक काल कराल वापस नहीं आ जाता, तब तक तुम यहां से एक कदम भी बाहर नहीं निकालोगे।
तुमने दिमाग तो अच्छा लगाया, पर पूरा नहीं लगाया। पॉवर स्टेशन में तुम्हारा गायब हो जाना संदेहास्पद था!
और जिस तरह से क्रिस्टल्स गायब हुए, वह तरीका कोई समय धारा में चल सकने वाला ही अपना सकता था!
समय धारा में चल सकने को रोकने की क्षमता तुझमें नहीं है, नागराज।
आऽऽऽह!

अब मुझे समझ में आ रहा है। कि तू जिंदगी भर 'साइड किक' ही क्यों बना रहा! तेरी अक्ल उस योग्य ही है।
यहां पर तू समय शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता। यहां पर तेरे सामने सिर्फ मैं हूं।
और तूने मेरे भूतकाल में जाने की कोशिश की तो तू खुद बखुद काल कराल तक पहुंच जाएगा।
इससे ये ऊर्जा वापस लेनी बहुत जरूरी है, धुरा! वर्ना हम अपने भूतकाल को खुद ही तबाह कर लेंगे। और न जाने इसका हमारे समय काल पर क्या असर पड़ेगा।
मेरे अनुमान से तो वह समय काल कभी आएगा ही नहीं।
और ऐसा होने से सिर्फ तुम ही इसको रोक सकते हो। इसके भूतकाल में जाकर इसको ये ऊर्जा हासिल करने से ही रोक दो।
मैं ऐसा नहीं कर सकता! उस भूतकाल का प्रयोग मैं कर चुका हूं। उस समय में वापस जाने की चेष्टा की तो मैं फिर से तक्षक नगर ही पहुंचुंगा।

कुछ करने की जरूरत नहीं है। वह शक्ति नागपाशा के शरीर में है और हमारे सर्पों ने ये पूरी जमीन खोद दी है।
पागल हो गए हैं ये सब! इन दोनों बातों में तो कोई संबंध ही नहीं है।
तीन तक गिनो!
तीन! अरे, अरे, अरे!!
हाहाहा। तूने अपनी बची जिंदगी का हिसाब खुद ही लगा लिया!
ले बोलता हूं। एक..दो...
हम सभी जमीन के नीचे आ गिरे हैं!!
अब यहां से हम तो बाहर निकल जाएंगे, पर तू नहीं निकल पाएगा, नागपाशा।
मैंने ऐसा कौन सा पाप किया है?
तेरे शरीर में वह पिंक ऊर्जा है जो बिजली गिरने से पैदा हुई है।
और भूमि हर तरह की ऊर्जा को सोखने की शक्ति रखती है।

अब जब तक तू एनर्जी को नहीं छोड़ेगा, तब तक धरती तुझे नीचे खींचती रहेगी क्योंकि वह ऊर्जा तेरे शरीर के अंदर है।
ये..सच है। इससे पहले कि ये मिट्टी मेरा दम घोंट दे इसको त्याग देने में ही मेरी भलाई है।
ओफ्! बाल बाल बचा!! अगर वो गुलाबी ऊर्जा न छोड़ता तो मेरा दम घुट जाता।
तो क्या होता, मूर्खाधिपति? तू बार बार भूल क्यों जाता है कि तू अमर है!
अमर को भी डर लगता है, गुरुदेव! दम घुटता है तो..आऊऽऽ लगता है!!
तूने बना बनाया खेल बिगाड़ दिया! अब मैं सबसे पहले ऐसा जहर बनाऊंगा जो तुझे मार सके।
चुप!
आप नागराज की तरफ हो गए हैं, गुरुदेव!
अब तुम दोनों मुझे धन्यवाद बाद में देना। पहले ये बताओ...अरे! वे दोनों तो मलबे से बाहर आए ही नहीं। लगता है चले गए!
कार्य पूरा होते ही समय धारा का प्रवाह भी अपना रुख बदल रहा था।

पर यहां पर एक अवरोध अभी अटका हुआ ही था।
बहुत हो गया, नागराज! तूने मरने के लिए जितना लंबा सफर तय किया है उतना तो मानव इतिहास में किसी ने नहीं किया होगा।
वैसे तो तुझे मात देना मुश्किल है। पर तू स्वाभाविक तौर पर इस युग का नहीं है।
जरूर तुझे काल कराल ने अपनी शक्ति दी होगी! बस तुझे थोड़ा सा समय धारा में धक्का देना पड़ेगा।
और तू वापस वहीं पहुंच जाएगा जहां से तू आया है!
मुझे...माफ... कर..दो!
हाहाहाहा! अब इस दुनिया की पूरी एनर्जी मेरी मुट्ठी में है। और ये दुनिया भी!!
धोखे के लिए तो मैं तुझे माफ कर दूंगा, क्योंकि वह व्यक्तिगत मामला है।
पर हत्या और लूट का जवाब तो तुझे देना ही होगा!...
और तू मेरी मुट्ठी में! मैंने आते आते...
...तेरी स्वीकारोक्ति सुन ली है! तू हत्यारा भी है! और गद्दार भी।

"वह तो भला हो नागराज का जिसको मैंने अंजाने में ही शिशु रूप में अपनी समय शक्ति दी थी"...

"...पर उस शक्ति ने काम नागराज के वर्तमान रूप पर किया और उसको यहां भविष्य में भेज दिया।"

"वर्ना मेरी आंखों पर तो तेरी मित्रता का पर्दा पड़ा ही रहता।"

अरे! नागराज...तुम कहां से...?

पता नहीं! मैं कुछ ठीक से याद नहीं कर पा रहा हूं। बस ऐसा लग रहा है जैसे कि मैं कोई अजीबो गरीब सपना देख रहा था। पर ये कौन सी जगह है। और ये ढांचा कैसे टूटा?

इसे ढांचा नहीं, गुरूदेव का सपना समझो या फिर नागपाशा का कांफीडेंस! पांच मिनट पहले तक ये जगह गुरूदेव की लैब और नागपाशा का अड्डा थी।

और यहां पर काल कराल और धुरा भी थे। खैर! ये सब तो हम तुमको बताएंगे ही! पहले तुम याद करो कि तुम कहां गायब हो गए थे।

हुम्म! याद तो आ रहा है।

क्या?

यही कि मैं कुछ भूल रहा हूं!

समाप्त

मिस्र की दैवीय और अंधेरी दुनिया की ताकतों का सदियों पुराना नाता है हिन्दुस्तान की धरती से विनाश और विध्वंस का...
सदियों बाद फिर से मानव सृष्टि को चुनौती देने वापस आई ये ताकतें और टकरा गए इनसे गगन, विनाशदूत और नागराज जैसे दिग्गज, जब दोबारा खुला मानव सृष्टि के विनाश को गर्भ में छुपाये ...
मकबरा
नरक नाशक नागराज, गगन और विनाशदूत की मिस्र की दैवीय शक्तियों से अभूतपूर्व जंग का आगाज़...